**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**ज्ञाता और दृष्टा बनकर व्यक्ति खुश और आनंदित रह सकता है।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT

NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 19.0 | 7.0 |
| बीकानेर | 20.0 | 6.0 |
| जयपुर | 20.0 | 9.0 |

E- Paper NEXT 0017

newsexcellenttoday.com | 28 दिसंबर 2024, शनिवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी - 2081


## शिक्षा विभाग के आदेशों का स्कूलों ने बनाया मखौल सख्त कार्यवाही के आदेश जारी

**NEXT** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय और निजी शिक्षण संस्थानों को शिविरा पंचाग के अनुसार 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के दौरान विद्यालयों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था तो वहीं कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग के आदेश का मखौल उड़ाया जा रहा है। ऐसे में विभाग ने सख्ती दिखाते हुए एक आदेश जारी करके ऐसे स्कूलों पर कठोर कार्यवाही का आदेश दिया है।

माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सीताराम जाट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शीतकालीन अवकाश के दौरान राज्य में किसी भी विद्यालय का संचालन न किया जाये। उन्होंने कहा कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कतिपय स्थानों पर निजी विद्यालय प्रबन्धन द्वारा विभागीय निर्देशों की अवहेलना करते हुए शीतकालीन अवकाश के दौरान विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, जो कि अत्यन्त गम्भीर विषय है। अतः शीतकालीन अवकाश की इस अवधि के दौरान किसी विद्यालय को संचालित होना पाये जाने पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सीबीईओ ओमप्रकाश प्रजापत ने कहा कि निदेशक के निर्देशानुसार शीतकालीन अवकाश के दौरान किसी अधिकारी के क्षेत्र में विद्यालय संचालित किये जाना पाये जाने पर विभागीय निर्देशों की अवहेलना मानते हुए संबंधित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## मोनिका झेडू बनी सीए, परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर



**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ की बेटियां हर एक क्षेत्र में अपनी सफलताओं की बुलंदियों को छू रही है। कस्बे की निवासी मोनिका झेडू ने सीए की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनके पिता सुभाषचन्द्र झेडू व्यवसायी हैं। मोनिका ने बताया कि उन्होंने तीन वर्षों तक समर्पित होकर सीए की तैयारी की। इस दौरान अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। मोनिका ने बताया कि उनकी इस सफलता में उनके परिवार विशेषकर दादा सत्यनारायण झेडू और चाचा एडवोकेट बाबूलाल झेडू का विशेष मार्गदर्शन रहा। उनके पिता सुभाषचन्द्र झेडू और परिवार ने हर कदम पर उनका साथ दिया।

26 दिसम्बर को सीए के परिणामों की घोषणा के साथ ही मोनिका के परिवार और रिश्तेदारों में उत्साह का माहौल है। हर कोई इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दे रहा है। मोनिका झेडू की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

**NEXT मोनिका झेडू के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं देता है।**

## मावठ की बौछारें सर्द हवाओं का साथ



**NEXT** सर्द मौसम और मावठ के कारण गांव और शहरों में एक खास तरह की शांति छाई रही। लोग सुबह देर तक घरों में दुबके रहे और बाहर निकलने से बचते दिखे। पशुपालक अपने मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें गर्म जगहों पर रख रहे हैं। बाजारों में भी चहल-पहल कम रही, हालांकि गर्म कपड़ों, हीटर, और चाय-कॉफी के स्टॉल्स पर भीड़ नजर आई।

मावठ का यह मौसम किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है, क्योंकि यह गेहूं, सरसों और चने जैसी रबी की फसलों के लिए लाभदायक है। वहीं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे इस ठंड से अधिक प्रभावित हैं, जिसके चलते घरों में गर्म तासीर वाले खाद्य पदार्थ अदरक की चाय, गोंद के लड्डू और सूप आदि का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है, जिससे लोग और सतर्क हो गए हैं।

## ट्रक और ट्रेलर की भिड़ंत में 2 की मौत, 1 गंभीर घायल



**NEXT** शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर बिग्गाबास रामसरा के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में 2लोगों की मौत हो गई और 1व्यक्ति गंभीर घायल हुआ है जिसे बीकानेर रेफर किया गया है। ट्रक और ट्रेलर की आपसी भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि दोनों वाहन बुरी तरह चकनाचूर हो गए और मृतकों के शव बुरी तरह उनमें फंस गए।

सूचना के साथ ही मौके पर पहुंचे आपणों गांव सेवा समिति के सेवादारों, अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी के सेवादारों ने शवों को कड़ी मशक्कत, क्रेन, कटर और पुलिस की मदद से बाहर निकाला। दुर्घटना के करीब ढाई घंटे बाद शव निकाले जा सके। ट्रेलर में मूंगफली लदी हुई थी।

इसमें सवार 22 वर्षीय धर्माराम पुत्र प्रभुराम जाट निवासी लाखासर चौहटन और 23 वर्षीय मांगीलाल पुत्र दलाराम निवासी गुढ़ामालानी सीणधरी की मौत हो गई। दूसरे ट्रक में सवार चालक 47 वर्षीय इशाक पुत्र कासम खान निवासी रतननगर चूरू घायल हुआ है। मृतकों के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना दे दी गई है।

NEXT के लोगो और सोशल साइट के सिंबल पर क्लिक करते ही साइट ओपन होती है। तो जुड़े रहिए NEXT के साथ

## NEXT के नाम एक और कीर्तिमान स्थापित पाठकों के लिए गौरवपूर्ण खबर

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ में तेजी से प्रसारित हो रहे News Excellent Today (NEXT) के नाम एक और कीर्तिमान स्थापित हुआ है। मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अंतर्गत आने वाले ट्रेड मार्क रजिस्ट्रेशन विभाग में NEXT को ट्रेड मार्क हासिल हो गया है। यह पहला मौका है जब कस्बे के किसी न्यूज पोर्टल का पंजीकरण हुआ है। जो NEXT के लिए बेहद खास है। इस उपलब्धि के बाद कस्बे सहित जिलेभर के पाठकों को और समुचित खबरें समय पर उपलब्ध होगी।

NEXT के एडिटर और सीनियर जर्नलिस्ट ने बताया कि हमारी टीम कस्बे के पाठकों के लिए खबरों के साथ मंत्रालय में पंजीकरण के लिए सरकारी औपचारिकताएं पूरी करने की जद्दोदहद में लगी हुई थी। सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स पूरे होने के बाद विभाग ने इसे स्वीकृत कर NEXT को ट्रेड मार्क के लिए मंजूरी दे दी।

NEXT टीम ने कहा कि अब हमारी टीम और निष्ठा के साथ पाठकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खबरों के साथ जरूरी जानकारियां समय पर उपलब्ध करवाएगी। हम पाठकों को विश्वास दिलाते है कि आने वाले समय में NEXT अपने पाठकों के हित में कई बेहतरीन प्रयोग करेगा।

**NEXT टीम ने अपनी इस उपलब्धि को अपने पाठकों को समर्पित किया है।**

इस मौके पर क्षेत्र के राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवावर्ग और अन्य लोगों ने NEXT की पूरी टीम को बधाई दी।

## श्रीडूंगरगढ़ विधायक मिले उपमुख्यमंत्री से, क्षेत्र के विकास की चर्चा की

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने जयपुर में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात की। विधायक ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की सड़कों की स्थिति से अवगत करवाया। श्रीडूंगरगढ़ बाईपास व विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं रखरखाव से जुड़े प्रस्ताव दिए। उन्होंने बजट घोषणा से जुड़े कार्यों के संबंध में भी चर्चा की। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के मौजूदा कार्यकाल के पहले वर्ष में क्षेत्र को अनेक सौगातें मिली।

विधायक ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में धार्मिक स्थल है



जिनमें से पूनरासर, लखासर, तोलियासर, बिग्गा, आड़सर, रीड़ी, मसूरी, गुसाईंसर बड़ा (थेह) और लिखमादेसर आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इन्हें धार्मिक पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से विकसित किया जा सकता है।

## सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा का आयोजन, रिपोर्ट सुनाई

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों जालबसर, जाखासर, जोधासर और कल्याणसर में शुक्रवार को सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। पिछले पांच दिनों से चल रहे सामाजिक अंकेक्षण कार्यों का समापन इन ग्राम सभाओं के साथ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट के मौन से हुई। इसके बाद ग्राम सभाओं का संचालन संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच की अध्यक्षता में किया गया। ब्लॉक संसाधन व्यक्ति बाबूलाल गर्ग ने जानकारी दी कि सभी ग्राम पंचायतों में किए गए मनरेगा कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया और इसकी रिपोर्ट ग्रामवासियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट को ग्राम सभा में उपस्थित सभी



सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

ग्राम सभाओं में सरपंच, ब्लॉक प्रभारी अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी दशरथ दर्जी, सुरेश कुमार, मुकेश खत्री, इंदु सोनी,कनिष्ठ सहायक सुमन कुमारी, देवेंद्र नायक, गोपालसिंह, सुखराम, वार्ड पंच, और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने पारदर्शिता और जवाबदेही के इस प्रयास की सराहना की।

## बेनीसर गांव में घर में घुसकर परिवार पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के बेनीसर गांव में एक परिवार पर घर में घुसकर हमला करने का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित मोहनलाल पुत्र लालूराम प्रजापत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपीगण धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुसे और उनके साथ मारपीट की। जब उनका पुत्र और पत्नी बीच-बचाव करने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने उनकी पत्नी के साथ लज्जा भंग करने की नीयत से बदतमीजी भी की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मालाराम पुत्र बाबूलाल प्रजापत, अशोक पुत्र मालाराम, भैराराम पुत्र हनुमानराम और बाबूलाल ने इस घटना को अंजाम दिया।

श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने मोहनलाल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार को सौंपी गई है।

## वन पुलिस स्टेशन- वन क्रिमिनल अभियान, एक गिरफ्तार

**NEXT** बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश के निर्देशों के बाद अपराधियों पर पुलिस ने नकेल कसना शुरू कर दिया गया है। पुलिस द्वारा वन पुलिस स्टेशन- वन क्रिमिनल के तहत अपराधियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में, लखासर निवासी विजयपाल को उसके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर हेड कॉन्स्टेबल भगवाना राम द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया गया, लेकिन उसने पूछताछ में सहयोग नहीं किया और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। इस वजह से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।